दैनिक

WWW.MEERUTDARPAN.COM  You Tube/meerut darpan news

mrtdarpan@gmail.com  Whatsapp:- 9897419837  RNI NO. UPHIN 2016/69845

# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 12 मेरठ, रविवार 25 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया  आईना सच का......





# मेरठ में बुजुर्ग की हत्या, बेटे पर पिता की हत्या करके फरार होने का शक







**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र के लाला मोहममद पुर गांव की रोड पर सड़क के किनारे खड़ी सफेद रंग की स्विफ्ट कार के अंदर एक लाश मिली है। बताया गया कि कार के अंदर सुखरम पाल और उसका बेटा रोहित उर्फ मोंटू थे।रोहित कार छोड़कर फरार है और उसने अपना मोबाइल बंद कर दिया है। दिन में दोनों पिता पुत्र मोदीनगर जाने के लिये घर से निकले थे। पर दोपहर बाद से दोनों के मोबाइल फोन बंद जा रहे थे। जिसके बाद से परिजनों ने भी दोनों तलाश करनी शुरू कर दी थी।

आशंका है कि रोहित ने ही अपने पिता की गोली मारकर हत्या की है। मिली जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र में जमीन को लेकर विवाद बताया जा रहा है। पिता-पुत्र प्रश्वपर्टी डीलर का काम करते थे। उधर, घटना की जानकारी लगने पर एसपी सिटी विनीत भटनागर, सीओ दौराला आशीष शर्मा, कंकरखेड़ा थाना प्रभारी और फश्वरेंसिक टीम पहुंच गई है। कार के अंदर मिले शव की शिनाख्त सुखरमपाल पुत्र दिलीप निवासी नंगलाताशी के रूप में हुई है।ह्व वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी प्रभाकर चौधरी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल की। एसएसपी का कहना है कि अभी मामले की जांच की जा रही है।

## श्रावण शुरू हरिद्वार सीलः कांवड़ियों के लिए नो एंट्री, रोकने को पुलिस तैनात

**हरिद्वार (एजेंसी)।** श्रावण माह शुरू होने से पहले उत्तराखंड पुलिस ने हरिद्वार को सील कर दिया है। पुलिस का कहना है कि कांवड़ यात्रा के लिए किसी को भी शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा. कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रा रद्द कर दी थी, जिसके बाद हरिद्वार में कांवड़ियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है. रविवार से सावन के साथ कांवड़ यात्रा भी शुरू हो रही है। हर की पौड़ी से गंगाजल भरकर कांवड़ियों ने अपनी यात्रा शुरू करते हैं। इसलिए यहां गंगा घाट पर 24 जुलाई से 6 अगस्त तक कांवड़ियों के आने पर रोक लगा दी गई है. हरिद्वार में हुई बैठक में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और हरियाणा के अधिकारियों ने यह फैसला लिया। सावन का महीना 22 अगस्त तक चलेगा। उत्तराखंड के डीजीपी ने बताया कि राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रा पर रोक लगा दी है, इसलिए किसी भी व्यक्ति को उत्सव मनाने के लिए हरिद्वार में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा. यह नियम बसों और ट्रेनों पर भी लागू होता है। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्य हिस्सों से आने वाले पर्यटकों को नहीं रोका जाएगा. बशर्ते कि उनकी कोरोना की रिपोर्ट निगेटिव हो और उन्होंने हरिद्वार आने से पहले स्मार्ट सिटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया हो। डीजीपी ने कहा कि हरिद्वार की सीमा पर बल तैनात कर दिया गया है. उन्हें हरिद्वार की ओर आने वाले कांवड़ियों को वापस भेजने को कहा गया है। यदि कोई व्यक्ति नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति नियमों की सीमा के भीतर पानी इकट्ठा करने के लिए टैंकर भेजता है तो हम गंगाजल इकट्ठा करने में उसकी मदद करेंगे. सावन के महीने में हर साल लाखों श्रद्धालु कांवड़ यात्रा निकालते हैं। कांवड़िये गंगाजल को हरिद्वार, उत्तराखंड के गौमुख और गंगोत्री और बिहार के सुल्तानगंज से लेकर भगवान शिव को चढ़ाते हैं। कोरोना के चलते यह लगातार दूसरा साल है जब उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार और झारखंड ने भी यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## फुगाना क्षेत्र में भाई को गन पॉइन्ट पर लेकर बहन से बलात्कार, क्षेत्र में फैली सनसनी

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** फुगाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने फुगाना थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह 23 जुलाई को अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गया हुआ था। घर पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री और 12 वर्षीय पुत्र मौजूद थे। मध्य रात्रि के समय उसका पड़ोसी युवक राहिब पुत्र कालू छत से होता हुआ उसके मकान में कूद गया। जिसने उसकी बेटी को गन प्वाइंट पर लेकर मकान में ही स्थित दुकान में ले गया और बाहर का दरवाजा खोल दिया। जहां पहले से ही हथियार लिए तीन युवक खड़े हुए थे। वह भी दरवाजे से अंदर आ गए। उसके बाद उक्त युवकों ने उसके पुत्र को गन प्वाइंट पर ले लिया और जान से मारने की धमकी देकर दोनों भाई-बहन को आतंकित कर दिया। चारों युवकों ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गैंगरेप किया और मोबाइल से वीडियो भी भी बनाई।













दैनिकः– मेरठ दर्पण

मेरठ, रविवार
25 जुलाई, 2021

# भारतीय जनता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम ने की पत्रकार वार्ता






**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम ने मेरठ के लाल कुर्ती स्थित एसजीएम गार्डन में पत्रकार वार्ता की। सुखविंदर सोम ने बताया कि भारत की तरफ से 127 खिलाडी ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जो आज तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधि दल है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने ओलंपिक खिलाड़ियों को रुबीममत4प्दकपं नामक एक अभियान के माध्यम से उनका उत्साह वर्धन कर रहे हैं। भाजयुमो भी सरकार के आह्वान का समर्थन करते हुए युवाओं को अनुशासित और एथलीटों की तरह मजबूत होने के लिए प्रोत्साहित करेगा। आगामी 16 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के सभी प्रतिभागियों को ऐसी चुनौतियों जो कि उनकी शारीरिक और मानसिक फिटनेस को बढ़ाती हो, जैसे चलना, दोडना, साइकिल चलाना, ध्यान, प्राथना, सुबह जल्दी उठना आदि करने के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही एक पोर्टल भी जारी किया है। जिसमें पंजीकरण करने के बाद चुनौतियां सफलतापूर्वक पूरी करके उन्हें उस पोर्टल पर अपलोड करना होगा जिस के बाद उपहार के रूप में पहले 10 प्रतिभागियों को भाजयुमो मर्चेंडाइज, एवं अन्य वर्चुअल मेडल दिए जाएंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वीनस शर्मा, पूर्व महानगर महामंत्री नीरज मित्तल, मीडिया प्रभारी निशांक गर्ग,नीरज पवार,अमित गुप्ता,हर्षित आनंद आदि उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष को भाजपा नेताओं ने भगवान श्री राम की मूर्ति भेंट कर स्वागत भी किया।

## जिलाधिकारी ने की ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट के कार्यों की समीक्षा



**मेरठ-दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने आज अपने कार्यालय कक्ष में पीएम केयर फंड़ से बनने वाले ऑक्सीजन जनरेषन प्लांट के कार्यो की समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देषित किया कि प्रत्येक दषा में जनपद में पीएम केयर फंड से बनने वाले तीन ऑक्सीजन प्लांट का सिविल व इलेक्ट्रीफिकेशन आदि का कार्य 30 जुलाई 2021 तक पूर्ण कराते हुये 07 अगस्त 2021 तक प्लांट का चालू कराये। उन्होने कहा कि अधिकारी जनहित के इस कार्य में तेजी लाये। सीएमओ डा0 अखिलेश मोहन ने बताया कि जनपद में पीएम केयर फंड से तीन ऑक्सीजन जनरेषन प्लांट बनाये जा रहे है, जिसमें कैंट अस्पताल बेगमपुल जो कि 250 ली0 प्रति मिनट एलपीएम क्षमता का है, पीएल शर्मा जिला अस्पताल जो कि 1000 एलपीएम का है तथा एलएलआरएम मेडिकल कालेज में बनने वाला प्लांट 1000 एलपीएम का है। उन्होने बताया कि इन प्लांट के लिए मशीन डीआरडीओ उपलब्ध करायेगा तथा सिविल कार्य एनएचएआई द्वारा तथा विद्युतीकरण व अन्य कार्य एसडीआरएफ द्वारा किये जा रहे है। डिप्टी सीएमओ डा0 विश्वास चोधरी ने बताया कि जनपद में इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला, मवाना, हस्तिनापुर, परीक्षितगढ़ व किठौर अस्पताल के ऑक्सीजन जनरेषन प्लांट क्रियाशील हो गये है तथा रोहटा, खरखौदा व एलएलआरएम मेडिकल कालेज में 960 एलपीएम का लगाया जा रहा एक अन्य प्लांट भी प्रक्रियाधीन है। इस अवसर पर सीडीओ शशांक चोधरी, सीएमओ डा0 अखिलेश मोहन, एलएलआरएम मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 ज्ञानेन्द्र कुमार, डिप्टी सीएमओ डा0 विष्वास चोधरी, पीएल शर्मा जिला अस्पताल के एसआईसी व कैंटोनमेन्ट बोर्ड के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीओ से मिले डाबका गांव के लोग,ईद पर हुई कुर्बानी को लेकर की वार्ता



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** थाना कंकर खेड़ा के ग्राम डाबका में गैर परंपरागत तरीके से ईद के दिन कुर्बानी को लेकर आज हिंदुओं के लगभग एक दर्जन व्यक्ति सी ओ दौराला आशीष शर्मा से थाने में आकर मिले उनके द्वारा बताया गया कि ग्राम डाबका में इससे पूर्व कभी भी कुर्बानी नहीं की गई है 2016 में एक बार प्रयास किया गया था परंतु इस बार ईद के दिन कुर्बानी दी गई जिसको पुलिस ने मौके पर जाकर तत्काल संज्ञान लेते हुए मिट्टी में दबा दिया था हिंदू समुदाय के लोगों का कहना है कि इस पर भविष्य में ऐसा ना हो इसलिए कठोर कार्रवाई होनी चाहिए इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कंकरखेड़ा तपेश्वर सागर का कहना है कि गांव में चिन्हित करके माहौल बिगाड़ने वाले 31 लोगों के विरुद्ध पांच -पांच लाख के मुचलके से पाबन्द किए जाने की रिपोर्ट भेजी गई है तथा इसमें मौके पर शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले लोगों को चिन्हित किया गया है जिनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी प्रभारी निरीक्षक तपेश्वर सागर द्वारा कहा गया था किसी भी हाल में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।

## एमएलसी श्री चंद शर्मा का किया सम्मान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** श्री चंद शर्मा एमएलसी के भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनने पर मेरठ में आगमन पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा द्वारा संत विवेकानंद इंटर कॉलेज रिठानी में स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ महेश कौशिक, मनोज शर्मा ,जितेंद्र शर्मा ,संजय रस्तोगी, ममता शर्मा, रंजना गॉड, विनोद शर्मा, कृष्ण पाल आदि ने श्री चंद शर्मा जी को बुके व माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर श्री चंद शर्मा ने गुरुओं को सम्मान करने की बात कही। इस दौरान श्री चंद शर्मा जी ने डॉक्टर महेश कौशिक, डॉक्टर डीके पाल, जितेंद्र शर्मा, रंजना कोड तथा ममता शर्मा आदि का गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सम्मान किया। श्री चंद शर्मा को मनोज शर्मा जी व अन्य साथियों द्वारा वित्तविहीन की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया श्री चंद शर्मा ने सहमति जताते हुए समस्याओं के निराकरण करने की बात कही।

## राज्यसभा सांसद विजयपाल तोमर ने किया सीएचसी भावनपुर का निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सीएचसी भावनपुर का निरीक्षण राज्यसभा सांसद विजयपाल तोमर ने किया निरीक्षण के दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा और डॉक्टर व एएनएम जीएनएम कर्मचारियों से भी वार्तालाप की और जाना हाल। थाना भावनपुर इंस्पेक्टर नीरज मलिक व निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे रेल मंत्रालय भारत सरकार सदस्य अंकित चौधरी,युवा नेता सौरभ पंडित,ब्लाक प्रमुख रजपुरा के पति कौशल चौहान,अंकित बंसल,जिला महामंत्री भंवर सिंह तोमर,अनुज त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वस्ति यज्ञ में आहुति देकर मानव कल्याण की कामना

### ❑ नीलकंठ आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व पर हुआ आयोजन



**मेरठ दर्पण-बिनौली।** जिवाना गुलियान के नीलकंठ आश्रम में शनिवार को गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में स्वस्ति यज्ञ हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुति देकर मानव कल्याण की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को उपदेश देते हुए सिद्धगुरु महाराज ने गुरु पूर्णिमा पर्व की महत्ता बताई। गुरु परमेश्वर से आशीष प्राप्त कर मानव जीवन में विषय विकार रहित होकर श्रेष्ठ कर्म पथ पर अग्रसर हो तभी इस पर्व की सार्थकता है। कोरोना संक्रमण काल मे अपने आपको सुरक्षित रखते हुए ईश भक्ति कर गुरु के प्रति समर्पण भाव से आत्मबल बढ़ाये। उन्होंने यज्ञ को सभी विकारों व बीमारियों से बचने का सर्वोत्तम साधन बताया। यज्ञ के आचार्य अंकुर भारद्वाज ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ की क्रियाएं सम्पन्न कराई तथा गुरु भक्ति व ईश भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने आहुति देकर मानव कल्याण की कामना की।

## इंद्रपाल बजरंगी ने महाराज जी को अंग वस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरधना विधानसभा के गांव पबरसा में शिव मन्दिर में क्षेत्रीय मंत्री पश्चिम उत्तर प्रदेश इंद्रपाल बजरंगी ने महाराज जी को अंग वस्त्र भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया एवं श्रद्धालुओं को फल वितरित किए। साथ में रहे रवि पूनिया मण्डल महामंत्री कैलाश शर्मा मंडल उपाध्यक्ष, अंकित प्रधान, अमित कुमार बूथ अध्यक्ष, व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेंट जेम्स स्कूल का हाईस्कूल का रिजल्ट रहा सौ प्रतिशत



सुहानी चोधरी
90 प्रतिशत



सिद्धि भारद्वाज
88.2 प्रतिशत



कृष्णा शाक्य
87.6 प्रतिशत

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा सुभाष पूरी स्थित सेंट जेम्स स्कूल का हाईस्कूल का रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा। आज आईसीएसई बोर्ड का हाईस्कूल का रिजल्ट आया जिसमे सेंट जेम्स स्कूल की छात्रा सुहानी चोधरी ने 90 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पाया। सिद्धि भारद्वाज ने 88.2 प्रतिशत के साथ स्कूल में द्वितीय स्थान पाया। कृष्णा शाक्य ने 87.6 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान पाया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ नवीन सिंह ने सभी बच्चो को बधाई दी।

## प्रदूषण जांच केंद्रों पर लगाए सड़क सुरक्षा संबंधी बैनर




**विपुल जैन**

**मेरठ दर्पण-बागपत।** परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत के नेतृत्व में प्रदूषण जांच केंद्रों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए गए। साथ ही प्रदूषण जांच केंद्रों की जांच की गई। सुभाष राजपूत ने बताया कि इस दौरान साई पर्यावरण समिति, ष्णा पर्यावरण समिति, राहुल पर्यावरण समिति एवं सगुन पर्यावरण समिति का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा उनके प्रपत्रों एवं उपकरणों की जांच की गई। जांच में प्रदूषण केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाएं एवं अन्य तकनीकी प्रबंध संतोषजनक पाए गए। इसके अलावा प्रवर्तन कार्य के दौरान लोगों को प्रदूषण पर नियंत्रण के विषय में जागरूक किया गया और 6 वाहनों के चालान काटे गए। बताया कि यह ऐसे वाहन थे, जिनके प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी थी।

## गुरू पूर्णिमा पर भाजपा महानगर पदाधिकारियों ने पुजारियों का सम्मान किया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर भाजपा मेरठ महानगर द्वारा छावनी के मंदिरों में पुजारियों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में कैंट विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, संजय त्रिपाठी, अंकित सिंघल, गणेश अग्रवाल, विशाल कन्नौजिया, महामंत्री नितिंन कंसल गौरव हुरिया, गौरव गोयल आदि उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कंकरखेड़ा में गुरूओं का सम्मान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कंकरखेड़ा मंडल में महानगर उपाध्यक्ष विवेक रस्तोगी के नेतृत्व में सभी मंडल पदाधिकारियों ने पंडित विनोद त्रिपाठी व पंडित किशनपाल के निवास स्थान पर जाकर उन्हे शॉल व माला पहनाकर उनका स्वागत सम्मान करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महानगर मंत्री ज्योति बाल्मीकि, महानगर कार्यकारिणी सदस्य मनमोहन बिग, व्यापारी नेता नीरज मित्तल,बालेश गर्ग, मंडल उपाध्यक्ष कुलदीप चौधरी, ओमवीर, मंडल मंत्री रीना गुप्ता, पार्षद सतनाम सिंह नामी, पार्षद राजेश खन्ना, गणेश अग्रवाल, किशोर, अजय दीवान, करण बिग, मनोज त्यागी व मोहित आदि उपस्थित रहे।



**हरिद्वार।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्व विख्यात परम पूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज से उनके हरिद्वार आश्रम में रात्रि में भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूज्य गुरुजी को भगवान की प्रतिमा भेंट करते समाजसेवी तुषार गुप्ता।

## वीजीआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एवं ''विम्स'' मेडिकल कॉलेज द्वारा गुरू पूर्णिमा पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, हवन, यज्ञ एवं भण्डारे का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** दिल्ली रुड़की बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की ओर से गुरू पूर्णिमा के अवसर पर एकदिवसीय ''निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर'' का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न नेत्र रोगों के 278 मरीजो की जाँच कराकर निशुल्क दवाईयाँ वितरित की गयी, एवं लगभग 70 लोगों को ऑपरेशन के लिए चयनित कर आगामी सोमवार से 25-25 के समूह में लेंस प्रत्यारोपित किये जायेगे। इसके साथ ही संस्थान में यज्ञ, हवन एवं विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। गुरू पूर्णिमा पर ''स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत'' मिशन को साकार करते हुए निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर एवं भण्डारे का का उद्घाटन प्रातः 09:00 बजे वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बिग्रे0 ढ्डॉ0ऋ सतीश अग्रवाल, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0 ए0एस0 ठाकुर, डॉ0 सुभाष मिश्रा आदि ने फीता काटकर संयुक्त रुप से किया। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की जानकारी देते हुए डॉ0 ए0एस0 ठाकुर ने बताया कि आज के शिविर में सबसे ज्यादा मोतियाबिन्द, कन्जैक्टिवाईटिज, आई फ्लू, मायोपिया आदि के सबसे ज्यादा मरीजो ने स्वास्थय शिविर का लाभ उठाया। इनमें से 70 मरीजों की आंखों का सोमवार से ऑपरेशन कर निशुल्क लेंस प्रत्यापित किये जायेगे। इसके साथ दोनो संस्थानो में यज्ञ, हवन एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें अपने गुरूजनों को याद करते हुए गरीब एवं जरूरतमंद लोगो को भोजन कराया गया।

## डीएम ने किया श्री गुरू मंदिर नंगली साहब का दौरा




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने आज श्री गुरू मंदिर नंगली साहब तहसील सरधना का दौरा किया। उन्होने वहां मंदिर के दर्शन किये व महामण्डलेष्वर स्वामी जी से वार्ता की। उन्होने बताया कि 25 जुलाई को उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 केशव प्रसाद मौर्य का जनपद का दौरा है। वह विभिन्न योजनाओ का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक व प्रेस वार्ता के उपरांत श्री गुरू मंदिर में भी दर्शन के लिए जाने का कार्यक्रम है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन मदन सिंह गर्ब्याल, उप जिलाधिकारी सरधना अमित कुमार भारतीय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शोभित विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में विश्वविद्यालय दिवस पर विश्वविद्यालय प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसकी शुरुआत विश्वविद्यालय में हवन के साथ की गई जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शोभित विश्वविद्यालय हमारे युवाओं की क्षमता को वास्तविकता में बदलने के लिए हमारे गतिशील अध्यक्ष डॉ शोभित कुमार जी के ढ़ संकल्प, समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हर साल हम उनके जन्मदिवस को विश्व विद्यालय दिवस के रूप में मनाते हैं। विश्व विद्यालय दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एपी गर्ग एवं कुलसचिव मित्रानंद बहुगुणा द्वारा रुद्राक्ष एवं शमी के पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया तथा विश्वविद्यालय द्वारा कुष्ठ आश्रम में रह रहे लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। प्रो गर्ग ने बताया कि सहारनपुर जिले के एक छोटे से शहर गंगोह के एक प्रसिद्ध कृषक और सामाजिक कार्यकर्ता, हमारे प्रेरक, बाबू विजेंद्र कुमार जी ने क्षेत्र के युवाओं की जरूरतों को पूरा करने और सभी वर्गो को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण की कल्पना की। बाबू जी के इस सपने को डॉ. शोभित कुमार और कुंवर शेखर विजेंद्र ने स्वेच्छा से और समाज सेवा की भावना के साथ प्रतिष्ठित टेक्नोक्रेट, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक टीम के साथ 1989 में नाइस सोसाइटी की स्थापना करके औपचारिक रूप दिया था। उनके द्वारा लगाया गया छोटा सा पौधा वटवृक्ष की तरह एक विश्वविद्यालय के रूप में बाबू विजेंद्र जी के सपने को साकार कर रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ग्रुप कैप्टन मित्रानंद बहुगुणा, डीन इंजीनियरिंग प्रो. राजीव दत्ता, डीन डॉ अशोक कुमार, वित्त अधिकारी दीपक गोयल, निदेशक रिसर्च प्रो पूनम देवदत्त, डॉ गणेश भारद्वाज, उप कुलसचिव एडमिनिस्ट्रेशन रमन कौशिक, मीडिया प्रभारी डॉ अभिषेक डबास सभी विभागों के शिक्षक एवं विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा वेबिनार का आयोजित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच मेरठ प्रांत की ओर से पहला वेबिनार श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना और कैलाश मानसरोवर मुक्ति संकल्प के विषय पर आयोजत किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता भारत तिब्बत सहयोग मंच के उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानन्द, भारत तिब्बत के केंद्रीय समन्वयक जिग्मेय ला , डॉ सन्दीप चौधरी रहे। भारत तिब्बत के केंद्रीय समन्वयक जिग्मेय ला ने कहा कि कैसे चीन लगातार तिब्बत के लोगो पर अत्याचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे परमपावन दलाई लामा जी को अपने कुछ अनुयायियों के साथ भारत मे आकर शरण लेनी पड़ी । साथ ही उन्होंने बताया कि अबतक 150 से ज्यादा तिब्बती युवाओं ने तिब्बत की मुक्ति के लिये आत्मदाह की है । भारत तिब्बत सहयोग मंच के उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानन्द ने श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना के महत्व एवं भोलेनाथ के बारे में रोचक तथ्य बताये उन्हीने बताया की भगवान शिव का कोई माता-पिता नही है. उन्हें अनादि माना गया है. मतलब, जो हमेशा से था. जिसके जन्म की कोई तिथि नही। कथक, भरतनाट्यम करते वक्त भगवान शिव की जो मूर्ति रखी जाती है उसे नटराज कहते है। किसी भी देवी-देवता की टूटी हुई मूर्ति की पूजा नही होती. लेकिन शिवलिंग चाहे कितना भी टूट जाए फिर भी पूजा जाता है ।हम शिवरात्री इसलिए मनाते है क्योंकि इस दिन शंकर-पार्वती का ब्याह हुआ था। शंकर भगवान की एक बहन भी थी अमावरी. जिसे माता पार्वती की जिद्द पर खुद महादेव ने अपनी माया से बनाया था ।भगवान शिव और माता पार्वती का 1 ही पुत्र था. जिसका नाम था कार्तिकेय. गणेश भगवान तो मां पार्वती ने अपने उबटन ढ्शरीर पर लगे लेपऋ से बनाए थे । भगवान शिव ने गणेश जी का सिर इसलिए काटा था क्योकिं गणेश ने शिव को पार्वती से मिलने नही दिया था। उनकी मां पार्वती ने ऐसा करने के लिए बोला था। शिवलिंग पर बेलपत्र तो लगभग सभी चढ़ाते है. लेकिन इसके लिए भी एक खघस सावधानी बरतनी पड़ती है कि बिना जल के बेलपत्र नही चढ़ाया जा सकता । शंकर भगवान और शिवलिंग पर कभी भी शंख से जल नही चढ़ाया जाता। क्योकिं शिव जी ने शंखचूड़ को अपने त्रिशूल से भस्म कर दिया था । आपको बता दें, शंखचूड़ की हड्डियों से ही शंख बना । भगवान शिव के गले में जो सांप लिपटा रहता है उसका नाम है वासुकि. यह शेषनाग के बाद नागों का दूसरा राजा था. भगवान शिव ने खुश होकर इसे गले में डालने का वरदान दिया था। जिस बाघ की खाल को भगवान शिव पहनते है उस बाघ को उन्होनें खुद अपने हाथों से मारा था। नंदी, जो शंकर भगवान का वाहन और उसके सभी गणों में सबसे ऊपर भी है. वह असल में शिलाद ;षि को वरदान में प्राप्त पुत्र था. जो बाद में कठोर तप के कारण नंदी बना था । गंगा भगवान शिव के सिर से क्यों बहती है ? देवी गंगा को जब धरती पर उतारने की सोची तो एक समस्या आई कि इनके वेग से तो भारी विनाश हो जाएगा. तब शंकर भगवान को मनाया गया कि पहले गंगा को अपनी जटाओं में बाँध लें, फिर अलग-अलग दिशाओं से धीरें-धीरें उन्हें धरती पर उतारें ।शंकर भगवान का शरीर नीला इसलिए पड़ा क्योंकि उन्होने हलाहल विष धारण किया था । दरअसल, समुंद्र मंथन के समय 14 चीजें निकली थी. 13 चीजें तो असुरों और देवताओं ने आधी-आधी बाँट ली लेकिन हलाहल नाम का विष लेने को कोई तैयार नही था. ये विष बहुत ही घातक था इसकी एक बूँद भी धरती पर बड़ी तबाही मचा सकती थी।

# फोटो खींचाने के चक्कर में सपा युवजन सभा के नेता भूले कोरोना गाइडलाइन और नियम, बिना मास्क के दिखे चेहरे



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** तय कार्यक्रम के अनुसार समीक्षा एवं स्वागत कार्यक्रम के तहत समाजवादी युवजन सभा के आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी जी जनपद मुजफ्फरनगर महावीर चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने संगठन की समीक्षा की, समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट व संचालन युवजन सभा के जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने किया। समाजवादी युवजन सभा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने स्वागत सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की योगी सरकार के हर मुद्दे मोर्चे पर विफलता से प्रदेश की जनता में आक्रोश है।पूरे प्रदेश में विकास का पहिया रुक गया है छात्र नोजवानो मजदूरों किसानो में अपने भविष्य को लेकर घोर निराशा है,अरविंद गिरी ने कहा कि भाजपा की निराशा वाली दमनकारी सरकार को जनता उखाड़ फेंकने को तैयार है तथा 2022 में अखिलेश सरकार लाने का बेसब्री से इंतजार कर रही है। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने सफल प्रोग्राम की बधाई देते हुए युवजन सभा कार्यकर्ताओ पदाधिकारियो को जुल्म उत्पीड़न वाली भाजपा सरकार को बदलने के लिए गली गली गांव गांव में जाने का आह्वान किया। इससे पूर्व महावीर चौक मुख्यालय पर समाजवादी युवजन सभा के समस्त जिला संगठन के पदाधिकारी गण समस्त विधानसभा अध्यक्ष गण समस्त नगर अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष गण अपने संगठन सहित एकत्रित हुए व नौजवानों का हौसला बढ़ाने के लिए विधान परिषद के प्रत्याशी रहे व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सयुस गौरव जैन ,पूर्व विधायक अनिल कुमार,हाजी लियाकत जी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अंसार आढ़ती,जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन,महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी, प्रदेश सचिव इमरान चौधरी ने भी नौजवानों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोमपाल भाटी,शिवम त्यागी,लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष संदीप पाल,सचिन अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष राशिद मालिक,छात्र सभा के जिलाध्यक्ष यूसुफ गौर हनी,राहुल चौधरी,पूर्व प्रदेश सचिव सयुस अरशद मालिक, डॉ इसरार अल्वी,तन्नू कुरैशी,आलम त्यागी,अर्जुन कश्यप, तरुण शर्मा,मौद्द रमीज,मनीष बालियान, इरशाद चौहान, इमरोज पायलट,नियाज मखियाली,मोनू जैदी,दीपक गुर्जर,भानु त्यागी,रवि गुर्जर, साकिब जैनुल,गौरव त्यागी,शुभम गुर्जर, अनिल कुमार,अरुण कुमार,अकरम अंसारी,राजीव वाल्मीकि, कपिल चौधरी,अबकार प्रधान,टीनू चौधरी, अरविंद कश्यप,धर्मेंद्र वाल्मीकि, नवजीत विर्क,नफीस रामराज,नितिन सहावली, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल एवं केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने 2 दिन का लोक डाउन समाप्त करने की प्रशासन से की मांग



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल एवं मुजफ्फरनगर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने मुजफ्फरनगर प्रशासन से सप्ताह में 2 दिन के लोक डाउन को समाप्त करने की मांग की है। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रेवतीनंदन सिंघल ने कहा कि त्योहार का सीजन भी शुरू होने वाला है। व्यापारी 5 दिनों में अपने सम्पूर्ण कार्य को करने में असहज महसूस कर रहा है। इस समय कोरोना के जनपद मुजफ्फरनगर में मात्र 8 मरीज शेष रह गए हैं। कोरोना जनपद से लगभग पूर्ण रूप से समाप्त हो चुका है इसलिए इस सप्ताह में 2 दिन के लोक डाउन को समाप्त कर पूर्व की भांति सिर्फ मंगलवार के दिन की साप्ताहिक बंदी की जाए, जिससे व्यापारी अपने संपूर्ण कार्य कर सकें। संयुक्त व्यापार मंडल के महामंत्री प्रमोद मित्तल ने कहा व्यापारियों का जीएसटी रिटर्न भरने का समय आ रहा है इसलिए 2 दिन का लॉकडाउन समाप्त किया जाए। मुजफ्फरनगर केमिस्ट एवं रजिस्टर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने कहा तोहार का सीजन भी शुरू होने वाला है भीड़ बढ़ रही है और इस समय वायरल वातावरण में सक्रिय है वायरल कैसे बढ़ते जा रहे हैं दवाइयों की सुचारू रूप से सप्लाई पूर्ण हो सके इसलिए रिटेल मेडिकल स्टोर के साथ–साथ होलसेल का व्यापार भी खुलना चाहिए एवं 2 दिन का लॉक डाउन खत्म होना चाहिए होलसेल दवा व्यापारियों को भी खोलने की अनुमति मिलनी चाहिए। कोरोना के संबंध में जो भी गाइडलाइन प्रशासन के द्वारा दी जाएगी उसका सभी व्यापारी पूर्ण तरह पालन करेंगे।

## इनरव्हील क्लब द्वारा वृक्षारोपण



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** इनरव्हील क्लब मुजफ्फरनगर द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नई मंडी में किया गया । इनरव्हील क्लब मुजफ्फरनगर की अध्यक्ष श्री मती रिंकु गोयल ने कहा की हमारे क्लब ने मुजफ्फरनगर को क्लीन और ग्रीन बनाने का अभियान छेड़ा हुआ है गत माह से हम लगातार पौधे लगा रहे है पहले हमने चौड़ी गली स्थित डिवाइडर पर भी पौधे लगाए थे आज सचिव मीनाक्षी मित्तल जी के द्वारा 51 पौधे वैदिक पुत्री स्कूल व मेहता क्लब के बाहर लगाए है ।विशिष्ठ अतिथी सभासद विपुल भटनागर ने कहा कि शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने व पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए इनरव्हील क्लब द्वारा ये प्रयास बहुत ही सराहनीय है और नागरिकों के लिए अनुकरणीय भी है । श्रीमति संतोष शर्मा पूर्व मण्डल चेयरमैन इनरव्हील ने कहा कि हमने इन पौधों को लगाने के साथ साथ उन्हें पालने के लिए माली को भी रखा है जो इनकी नियमित देखभाल करेगा जिस से हमारे लगाए पेड शत प्रतिशत बड़े वृक्ष का रूप ले कर हमें ऑक्सिजन देने का कार्य करे सभासद विकास गुप्ता, अमित गुप्ता जी आदि उपस्थित रहे

## केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने आवास पर लगाया जनता दरबार



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।**सांसद व केंद्रीयराज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान के आवास पर सैकड़ों लोगों की शहरी व देहात क्षेत्र से भारी भीड़ मौजूद रही आपको बता दे जब भी केंद्रीय मंत्री सांसद डश्वक्टर संजीव बालियान अपने शहरी आवास शनिवार रविवार को मुजफ्फरनगर आते हैं तो उनके आवास पर देहात व शहरी क्षेत्र से लोग जन समस्या लेकर आते हैं और अपनी पीड़ा मंत्री को सुनाता है वही आज केंद्रीय मंत्री ने सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को दिशा–निर्देश देकर समस्याओं को समाधान कराया वही जब केन्द्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जैसी समस्या होती है उसका ऐसा ही इलाज होता है ओर समस्याओं का समाधान किया जाता है और यह जनता दरबार नहीं है।

## सालासर बालाजी धाम पर गुरू पूर्णिमा पर्व संपन्न



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** श्री सालासर बालाजी धाम पचौण्ड़ा रोड़ मुजफ्फरनगर पर गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व संकीर्तन व बडे ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। उक्त जानकारी श्री सालासर बालाजी धाम के कोषाध्यक्ष राजीव बंसल ने देतें हुए बताया कि गुरु पूर्णिमा के शुभावसर पर आज श्री सालासर बालाजी सम्पूर्ण दरबार को फूलों द्वारा सजाया गया तथा संत शिरोमणि मोहनदास जी महाराज के विग्रह स्वरुप को विशेष रुप से वस्त्र अर्पण कर विशेष गुरु पूजन कर हलवे के भोग का प्रसाद वितरण किया। श्री सालासर बालाजी धाम में आने वाले भक्तों ने नारियल बांधकर अपनी मनोकामनाओं को लेकर मन्नत मांगी। आज के यजमान संदीप गोयल बाँबी द्वारा मंदिर के पुजारी जी पंडित रवि गौड़ के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक पूजा की। इस शुभावसर पर समिति अध्यक्ष नीरज बंसल, मंत्री आशुतोष गर्ग, कोषाध्यक्ष राजीव बंसल, प्रचार मंत्री हिमांशु गर्ग, दिनेश कुमार, डाढ़कमल गुप्ता, पवन गोयल, विपुल , ब्रजमोहन जी, अजय मित्तल, नितिन तायल, युवा सेवादार मयूर जैन, तुषार शर्मा, वरुण गर्ग,शिवम शर्मा, कार्तिक गोयल, दिपांशु शर्मा, संचित गर्ग आदि सैकड़ों गणमान्य उपस्थित रहें।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक– अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845** फोन 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।